पटाखे: नियम जानें

क्या आप कैलगरी में पटाखे जलाने की सोच रहे हैं? खैर...ऐसा मत करें

कैलगरी में फायरवर्क्स परमिट वाले प्रशिक्षित और प्रमाणित पेशेवर को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा पटाखों को जलाया या छोड़ा तथा आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। इसमें व्यक्तिगत या उपभोक्ता पटाखे शामिल है जो कैलगरी के बाहर से खरीदे या ऑर्डर किए गए हैं।

परमिट के बिना पटाखों, आतिशबाज़ी के प्रदर्शनों या विस्फोट का प्रयोग नैशनल फायर कोड (अलबर्टा संस्करण) या सिटी ऑफ कैलगरी के उपनियमों का उल्लंघन है और इसका परिणाम जुर्माना लगाया जाना या मुकद्दमा चलाया जाना हो सकता है।

कैलगरी में पटाखों के बारे में अधिक जानने के लिए, calgary.ca/fireworks पर जाएं या कोड को स्कैन करें।

फायरवर्क्स परमिट के लिए सेवा अनुरोध पूरा करने के लिए या गैर-अनुमति प्राप्त पटाखों के बारे में शिकायत दर्ज करने के लिए **311 पर संपर्क करें।**

पटाखों के कारण लगी अनियंत्रित आग की सूचना देने के लिए **9-1-1 पर कॉल करें**।

पटाखों का उपयोग करने से पहले

कैलगरी में पटाखों का उपयोग करने से पहले, किसी व्यक्ति या कंपनी के पास वैध फायरवर्क्स परमिट होना चाहिए तथा उसके पास उचित अनुमोदन और प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

कैलगरी फायर डिपार्टमेंट, कैलगरी में पटाखों, आतिशबाज़ी के प्रदर्शनों और फिल्मों के स्पेशल इफेक्टस के लिए परमिट स्वीकृत करने वाला प्राधिकरण है तथा इन परमिटों को जारी करने के लिए जिम्मेदार है।

क्या करें

किसी भी प्रकार के आतिशबाजी शो के लिए अनुबंधित किसी भी व्यक्ति या कंपनी के लिए फायरवर्क्स परमिट के लिए आवेदन करना और निम्नलिखित जानकारी जमा करना अनिवार्य है:

- 311 के माध्यम से सेवा अनुरोध।
- उस संपत्ति से संबंधित अनुमति पत्र जहां प्रदर्शन/डिस्प्ले होगा।
- न्यूनतम $5 मिलियन की राशि का बीमा प्रमाण।
- वैध तकनीशियन प्रमाण पत्र की प्रति।
- विस्तृत साइट योजना।
- उत्पाद सूची जिसमें निर्माता, प्रकार, आकार और उत्पाद की मात्रा शामिल हो।
- विस्तृत अग्नि सुरक्षा योजना।

परमिट शुल्क

शुल्क इस बात पर आधारित है कि आपको कितने दिनों के लिए परमिट की आवश्यकता है।

कैलगरी में पटाखों के बारे में अधिक जानने के लिए,
calgary.ca/fireworks पर जाएं

25-0047436 CRV-37700